हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार 13 सितंबर 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]


तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

02



बघेरा रेलवे क्रॉसिंग के पास लीकेज दुर्ग निगम ने शुरू किया मेंटेनेंस






## तीन हेल्थ सेंटर में पहली बार लगेंगे एआई आधारित ई-एटीएम, मुफ्त में होगी बीपी-शुगर और ऑक्सीजन लेवल की जांच, हर मरीज का रहेगा रिकार्ड

अतुल अग्रवाल ⏭ दुर्ग

डिजिटल परिवर्तन के इस युग में स्वास्थ्य सेवा एटीएम से पैसे निकालने जितना आसान होने जा रहा है। दुर्ग जिले के अहिवारा,

- अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा की अनोखी पहले

मेड़ेसरा और भिलाई-3 स्वास्थ्य केंद्र में एआई आधारित एटीएम मशीन लगने जा रही है। इसके लिए अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने पहल की है। उन्होंने



अपनी निधि से 46.50 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस मशीन के जरिए बीपी, शुगर सहित अन्य प्रकार की पैथोलॉजी जांचें हो सकेंगे। स्वास्थ्य केंद्रों में इस सुविधा को पूरी तरह फ्री रखने की तैयारी की जा रही है। छत्तीसगढ़ में संभवतः यह अपने तरह का पहला मामला है, जिसमें इस तरह की एआई आधारित मशीन ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित किए जाने की तैयारी की गई है। बता दें कि शासन स्तर पर इसके लिए राशि स्वीकृत कर दी गई है। निर्धारित एजेंसी इसे उक्त तीनों सेंटरों में इंस्टॉल करेगी। क्लीनिक्स ऑन क्लाउड के ई-हेल्थ कियोस्क मशीन को क्रांतिकारी स्वास्थ्य तकनीकी माना जा रहा है। इसे टेली-परामर्श और स्वास्थ्य रिकॉर्ड आपकी उंगलियों पर लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

ई-हेल्थ कियोस्क एक छोटी, स्वचालित मशीन है, जो कई तरह की स्वास्थ्य जांच कर सकती है। मरीज़ों को डॉक्टरों से वर्चुअली जोड़ सकती है। इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड एक ही जगह पर स्टोर कर सकती है। यह 24 घंटे काम करती है। इसके लिए न्यूनतम निगरानी की आवश्यकता होती है।

### प्रशासन ने सीएमएचओ को बनाया कार्यएजेंसी

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने इसे हेल्थ एटीम मशीन के लिए 46.50 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा की अनुशंसा पर यह स्वीकृति दी गई है। इस कार्य की एजेंसी जिला मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी को बनाया गया है। इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अहिवारा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मेड़ेसरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई-3 में स्थापित किया जाएगा। प्रति एटीएम की लागत 15.50 लाख रुपए तय की गई है।

### आधुनिक मशीन तत्काल देती है रिपोर्ट, ज्यादा फायदेमंद

जानकारी के मुताबिक हेल्थ एटीएम मशीन एक स्वचालित स्वास्थ्य कियोस्क है, जो बैंक एटीएम की तरह काम करती है। लेकिन पैसे निकालने के बजाय बुनियादी स्वास्थ्य जांच, महत्वपूर्ण मापदंडों को मापने और दूरस्थ डॉक्टर परामर्श प्रदान करती है। इस मशीन के जरिए बीपी, शुगर, वजन, ऑक्सीजन लेवल, शरीर का टैम्प्रेचर लिया जा सकता है। इससे तत्काल रिपोर्ट मिलती है। इसका उद्धेश्य स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, सुविधाजनक और लागत प्रभावी बनाना है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में हेल्थ सुविधा बेहतर करने के लिए इस मशीन को तैयार किया गया है।

### तीनों सेंटरों में जगह उपलब्ध कराने एनओसी

“ निर्धारित तीनों सेंटरों में जगह उपलब्ध कराने के लिए एनओसी दे दी गई है। नियम-शर्तों के अनुरूप आगे की प्रक्रिया की जाएगी। मशीन लगने से प्रारंभिक रूप से की जाने वाली जांचों को करने में आसानी होगी। मरीजों का रिकार्ड भी रखा जा सकेगा।

**- डॉ. मनोज दानी**
सीएमएचओ दुर्ग

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य अधिकारी के साथ पार्षद ने किया दुर्व्यवहार

**भिलाई।** जोन 5 सेक्टर 6 निगम कार्यालय के स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे के साथ पार्षद वार्ड 56 राजेश चौधरी द्वारा दुर्व्यवहार करने की शिकायत निगम आयुक्त राजीव पांडेय से की गई है। स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष शरद दुबे ने यह शिकायत आयुक्त को प्रेषित करते हुए कहा है कि इस घटना के विरोध में निगम कर्मी काला फीता लगाकर कार्य करेंगे और शाम 5 बजे गेट मीटिंग करेंगे। महासंघ ने यह भी कहा है कि पार्षद चौधरी माफी मांगे।

### चाकू दिखाकर लूट करने वाले 9 गिरफ्तार

**भिलाई।** चाकू और कटर दिखाकर लोगों से मोबाइल छीनने वाले 6 नाबालिग सहित 9 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने 14 मामलों में मोबाइल की लूटपाट की। लोगों पर प्राणघातक हमले का प्रयास किया। संदिग्धों की धरपकड़ और सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ने इन आरोपियों तक पहुंची। जानकारी के मुताबिक भिलाई नगर के 4, मोहननगर के 1, स्मृति नगर चौकी के 1, वैशाली नगर के 1, खुर्सीपार के 2, जामुल के 1, जेवरा सिरसा के 3 मामलों में इन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 3 आरोपियों की पहचान के बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया। इन आरोपियों में टिल्लू उर्फ कुनाल, आलम और अनुज एवं 6 नाबालिग शामिल हैं। आरोपियों से 4 मोबाइल, 2 चाकू, 1 कटर, 3 दो पहिया वाहन को जब्त किया है।

### लौट रहा मानसून, औसत से 6 फीसदी कम बारिश

**दुर्ग।** जिले में मानसून लौटने लगा है। शुक्रवार को भी जिले में करीब 6.8 मिलीमीटर बारिश हुई। 1 जून से अब तक 838.5 मिलीमीटर पानी गिर चुका है, लेकिन औसत बारिश 891.2 मिलीमीटर है। इस प्रकार औसत से करीब 6 प्रतिशत कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक 15 सितंबर तक जिले में अच्छी बारिश की संभावना बनी हुई है। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा था। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 19.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.9 डिग्री कम था। शुक्रवार को पूरे दिन बादल छाए रहे। दोपहर के समय बारिश भी हुई। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून लौटने लगा है। इस वजह से कुछ जगहों पर बारिश हुई है। आगामी दिनों में बारिश की संभावना कम है। 15 सितंबर तक ही बारिश के आसार बन रहे हैं।

### नागपुर और ओडिशा से हो रही है तस्करी, मोहननगर थाना क्षेत्र में सबसे ज्यादा घटनाएं

## नशे का बड़ा अड्डा भिलाई-दुर्ग, फिर पकड़ाया 22 किलो गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिला अब नशे का बड़ा अड्डा बनता जा रहा है। भिलाई-दुर्ग गांजा, चिट्टा का हॉट स्पाट बनता जा रहा है। हालाकि पुलिस कई बड़ी कार्रवाई कर तस्करों को पकड़ती आई है। बावजूद तस्करी अब भी बेखौफ तरीके से जारी है। पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि मोहन नगर थाना क्षेत्र में 22 किलो ग्राम गांजा जप्त किया है। इसमें तीन युवकों को पकड़ा गया है। जिसमें शिवाजी नगर गोवंडी, मुम्बई निवासी साजिद अली , मोहम्मद शकील कुरैशी ,बैजनाथ पारा दुर्ग राहुल तिवारी को गिरफ्तार किया है। संदिग्ध लगने पर पुलिस ने इनके चेकिंग करना शुरु कर दिया। दो युवकों के पास से बड़ा बैग मिला। जिसमें से पुलिस से गांजा मिला। युवकों से पुछताछ करने पर पुलिस को बताया कि उड़िसा से गांजा लेकर मुम्बई जा रहे थे। राहुल तिवारी के द्वारा उड़िसा के गांजा तस्कर से गांजा कम रेट में दिलाया करता था। राहुल दुर्ग से मुम्बई सुरक्षित गांजा भेजने में सहयोग करना स्वीकार किया। इसके अवज में राहुल को गांजा दिलाने के एवज में कमीशन के तौर पर एक लाख रूपये खाते में ट्रांसफर करना बताया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।



### शुक्रवार को 25 लाख का चिट्टा भी पकड़ाया

मोहन नगर पुलिस ने चिट्टा तस्करी मामले में सात युवकों को पकड़ा था। जिसमें मास्टर माइंड थाने से ही फरार हो गया। जो अभी तक पुलिस पकड़ से बाहर है। पुलिस ने जामुल निवासी उज्जवल सिंह उर्फ गोलू, हाउसिंग बोर्ड मोन्टी अरोरा, सुपेला रजत पाण्डेय, राहूल सिंह, खुर्सीपार लोकेश कुमार ओगरे, जगतार सिंह के पास से 25 लाख रुपए का चिट्टा जब्त किया था। इसका मास्टर माइंड गुरजीत सिंह अब भी फरार है। वैशाली नगर से भी दो युवकों को चिट्टा कारोबार में पकड़ा गया। इसके अलावा 60 लाख रुपए का गांजा भी भारी मात्रा में कुम्हारी पुलिस ने पकड़ा था। जिसमें तीन आरोपियों को पकड़कर जेल भेजा। सीलबंद कंटेनर से गांजे की सप्लाई हो रही थी।

### नागपुर का बड़ा सप्लायर पकड़ से बाहर

बताया जा रहा है कि भिलाई दुर्ग समेत जिले में नशे को फैलाने वाली महिला नागपुर में है। जिसे पुलिस पकड़ नहीं पा रही है। महिला का बड़ा चैनल आज भी जिले में सिडिकेंट बनाकर काम कर रहा है। इस धंधे में सबसे अधिक कालेज के युवां शमिल है। अपने खर्चे निकालने के लिए नशा बेचने का काम करते आ रहे है। साल भर पहले भी कालेज के छात्र चिट्टा बेचते पुलिस ने पकड़ा था। लेकिन नशे के कारोबार के मास्टर माइंड तक पुलिस नहीं पहुंचने से बेखौफ नशे का सामान शहर में बिक रहा है।

### जिले में पिछले चार साल में पकड़ाया नशीले पदार्थों का जखीरा

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक पिछले चार सालों में बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की जब्ती हो चुकी है। 2021 में गांजा 142.488 किलो जब्त हुआ, जिसमें कीमत करीब 11.74 लाख रुपए आंकी गई। नशीली दवा 253214 नग टेबलेट जब्त हुए, जिसकी कीम 6.32 लाख रुपए थी। इसी प्रकार 2022 में गांजा 107.198 किलो कीमत 7.41 लाख, ब्राउन शुगर 120.36 किलो कीमत 2.78 लाख जब्त किया गया। 2023 में गांजा 410.747 किलोग्राम कीमत 48.92 लाख, ब्राउन शुगर 232.24 ग्राम कीमत 12.40 लाख रुपए जब्त किया गया। चिट्टा 152.26 ग्राम कीमत 7.75 लाख, नशीली दवा नशीली दवा 1197472 नग टेबलेट, 40632 नग कैप्सूल, 9838 सिरप कीमत 48.15 लाख रुपए जब्त किया गया। 2024 में गांजा 480.654 किलोग्राम कीमत 36.37 लाख, ब्राउन शुगर 179.940 ग्राम कीमत 19.67 लाख रुपए जब्त किया गया। इसी प्रकार चिट्टा 38.54 ग्राम कीमत 2.45 लाख, दवा 8877 नग टेबलेट, 596 नग कैप्सूल कीमत 10.71 लाख रुपए जब्त किया गया।

## सगाई टूटने से व्यथित युवक ने गले को ब्लेड से काटा, मौके पर ही मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



सगाई टूटने पर एक युवक ने स्वयं के गले में ब्लेड मारकर आत्महत्या करने की कोशिश की। युवक की 6 माह पहले ही सगाई टूटी थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि वार्ड 2 अहिवारा निवासी भूपेन्द्र कुमार सेन 30 वर्ष

- नंदिनी पुलिस कर रही जांच, चलाता था किराने की दुकान

किराना दुकान चलाता था। युवक की लाश घर के बाथरूम में खून से लथपथ पड़ी हुई मिली। खून से लथपथ बाथरूम में पड़ा हुआ था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि भूपेंद्र घर के नीचे फ्लोर पर किराना दुकान चलाता था। शुक्रवार सुबह 8 बजे वह घर के बाथरूम में गया। भीतर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक बाहर न निकलने पर परिवार को संदेह हुआ। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर देखा तो भूपेंद्र खून से लथपथ जमीन पर पड़ा मिला। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पारस ठाकुर मौके पर पहुंचे, पंचनामा कार्रवाई कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक भूपेंद्र की सगाई टूटी थी। इसके बाद से ही वह तनाव में रहने लगा था। यही उसकी आत्महत्या की वजह मानी जा रही है। फिलहाल जांच के बाद आत्महत्या का असली कारण पता चल पाएगा। भूपेंद्र अपने माता-पिता और 2 भाइयों के साथ रहता था। वह पिछले कुछ दिनों से चुपचाप रहने लगा था। दुकान में काम पर भी पहले जैसी रुचि नहीं ले रहा था।

## पार्षद के विरोध में काली पट्टी लगाकर किया काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जोन पांच सेक्टर 6 कार्यालय में जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे से पार्षद राजेश चौधरी द्वारा दुर्व्यवहार का

- जोन पांच के राजस्व अधिकारी से दुर्व्यवहार का मामला

मामला तूल पकड़ता जा रहा है। निगम कर्मियों ने शुक्रवार को विरोध स्वरूप काली पट्टी लगाकर कार्य किया। शाम को पांच बजे गेट मीटिंग की और विरोध प्रदर्शन किया।



स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के बैनर तले यह प्रदर्शन हुआ। महासंघ के अध्यक्ष शरद दुबे ने बताया कि पार्षद राजेश चौधरी ने जोन स्वास्थ्य अधिकारी दुबे से मोबाइल पर गाली-गलौच की। इसकी शिकायत महासंघ को स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे ने की थी। इस संबंध में निगम आयुक्त को भी ज्ञापन देकर विरोध व्यक्त किया गया था। उन्होने कहा है कि पार्षद चौधरी जोन राजस्व अधिकारी दुबे से माफी मांगे तो यह मामला समाप्त हो सकता है। नहीं तो आगे भी आंदोलन तेज किया जा सकता है। निगम कर्मियों में इस घटना की वजह से रोष व्याप्त है।

## उमरपोटी में अपराधी का बैंड-बाजे के साथ उतई पुलिस ने निकाला जुलूस

**उतई।** ग्राम उमरपोटी में पुलिस ने एक आदतन अपराधी का जुलूस निकाला। बैंड-बाजे की धुन पर निकले इस जुलूस ने पूरे इलाके में चर्चा बटोरी। पकड़ा गया आरोपी नाबालिग लड़कों को साथ मिलाकर अपराधों को अंजाम देता था और लोगों से मारपीट कर उसका वीडियो बनाकर दहशत फैलाता था। पुलिस ने आरोपी के पास से 5 चाकू बरामद किए हैं। उसके साथ एक नाबालिग लड़के को भी हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी के खिलाफ नेवई थाने में भी कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। उतई पुलिस अब आरोपी के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की तैयारी कर रही है। इस मौके पर उतई थाना प्रभारी महेश धूरु ने साफ संदेश दिया—गांव और शहर में शांति व सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में खौफ और आम लोगों में राहत का माहौल बना है।



### निगम कार्यालय का भी बनेगा नया भवन, स्थल का किया मुआयना

## आकाश गंगा सब्जी मंडी होलसेल व्यापारियों को मिलेगी नई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

आकाश गंगा स्थित होलसेल सब्जी मंडी नई जगह पर स्थानांतरित होगी। इस मंडी में 110 होल सेल व्यापारी हैं जो यहां आलू-प्याज से लेकर सब्जियों का कारोबार करते है। इन व्यापारियों से निगम प्रशासन की एक बैठक भी शनिवार-रविवार को आयोजित की जाएगी। बैठक में व्यवसाईयों से भी सुझाव लिए जाएंगे। ताकि मंडी में आने वाले लोगों को भी दिक्कतें न हो और कारोबार अच्छी तरह से चलता रहे।



### होलसेल मंडी में ऐसी मशक्कत

वर्तमान होलसेल सब्जी मंडी नगर निगम कार्यालय के बाजू से होकर आकाश गंगा की व्यवसायिक परिसर से लगा हुआ है। होलसेल मंडी के ठीक पीछे ही चिल्हर सब्जी मार्केट भी है। होलसेल सब्जी मार्केट में लोग अलसुबह ही पहुंचते हैं। होलसेल मंडी जहां लगती है वहां पर लोग अपनी कार तक नहीं ले जा सकते। सब्जीमंडी में आने वाले आलू-प्याज और दीगर सब्जियों के वाहन ही खड़ी होती है और जब नीलामी होती है तो खरीददार के लिए जगह तक नहीं होती। मंडी से समान बाहर निकलने में ही कई घंटे लग जाते हैं।

### स्थल तय करने बैठक

“ होलसेल सब्जी मंडी के लिए तीन जगह का निरीक्षण किया गया है। इन जगहों में से एक का निर्धारण करने के लिए मंडी कारोबारियों के साथ बैठक बुलाई गई है। जिसमें सहमति के बाद जगह तय हो जाएगा।

**- नीरज पाल,** महापौर

### मंडी की सड़कें की गायब

होलसेल सब्जी मंडी में दीगर राज्यों से ट्रकों और लारियों में भरकर सब्जियां आती है। मंडी में पहुंच मार्ग इतनी खराब हो गई है कि सड़कें ही गायब हो गई है। बारिश में मार्ग खाई जैसे दिखने लगी है। जहां पानी जमा रहता है। इस स्थिति में होलसेल व्यापारियों की दुकानों तक लोड ट्रकें नहीं पहुंच पा रही है। नई जगह जाने से इस समस्या का समाधान निकलेगा और कोई बड़ी योजना को अंजाम दिया जा सकेगा।

### मंडी के लिए मेयर व आयुक्त तीन जगह का चयन

होलसेल सब्जी मंडी के लिए पांच एकड़ जगह की जरूरत आंकी गई है। आकाशगंगा सब्जी मंडी के होलसेल व्यापारियों को नए स्थान पर जगह देने शुक्रवार को अलग-अलग स्थान पर स्थल निरीक्षण किया गया। निगम कार्यालय भवन नया निर्माण करने के लिए भी स्थल चयन करने विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल और आयुक्त राजीव पांडे ने निगम अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण कर जगह चिन्हित किया है।

## राज्यपाल रमेन डेका आज आएंगे भिलाई

**दुर्ग।** राज्यपाल रमेन डेका 13 सितंबर को भिलाई आयेंगे। डेका शनिवार की सुबह 10 बजे राजभवन रायपुर से ब्लॉक पोर्च रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी भिलाई दुर्ग के लिए सड़क मार्ग से रवाना होंगे। सुबह 10.45 बजे यूनिवर्सिटी पहुंचेंगे। आयोजित नवप्रवेशी छात्रों के प्रथम प्रवेश कार्यक्रम में भाग लेंगे। राज्यपाल डेका विश्वविद्यालय के ड्रोन क्लब का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम के बाद राज्यपाल डेका दोपहर 12.10 बजे अनिल शर्मा के निवास जेएस हाइट्स धमधा रोड खपरी जाएंगे।

### पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**9300663610, 7489348301**

# जिसे लीडर बनना है, उसे रहना होगा अनुशासित, संगठन का विस्तार जल्द

## युवा मोर्चा के संभाग स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए संगठन मंत्री पवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



भारतीय जनता युवा मोर्चा की संभागीय स्तरीय बैठक अंजोरा स्थित होटल पृथ्वी में हुई। बैठक में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय, अक्षय ऊर्जा विकास निगम के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, विधायक ललित चंद्राकर, डोमन लाल कौरसेवाडा, रिकेश सेन सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

पवन साय ने कहा कि हम उस पार्टी के कार्यकर्ता हैं जो राष्ट्रवादी विचारधारा पर कार्य करती है। जनसंघ की स्थापना 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने उस समय की, जब वे केंद्रीय मंत्री थे। पूरे देश में कांग्रेस पार्टी का बोलबाला था। पवन साय ने 8 जिले के युवा मोर्चा की उपस्थिति की समीक्षा करने के बाद कहा कि युवा मोर्चा के प्रत्येक कार्यकर्ता को समाज का नेतृत्वकर्ता बनना है। यह तब संभव है जब राष्ट्रवादी विचारधारा और अनुशासित रहते हुए देश हित में कार्य करेंगे। कार्यक्रम में अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया, जितेंद्र साहू, विजय सिंह तोमर, संजय बघेल, सुरेंद्र कौशिक, पुरुषोत्तम देवांगन, महापौर अलका बाघमार, सरस्वती बंजारे, आशुतोष दुबे सहित अन्य मौजूद थे।

### युवा मोर्चा भाजपा की रीढ़ इसे सार्थक बनाना है

पवन साय ने कहा कि युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ है। हम सभी को मानव जीवन कितने जन्म के बाद प्राप्त होता है। उस जीवन को सार्थक बनाने के लिए हमें कार्य करना है। हम सब का सौभाग्य है कि हम उस पार्टी के कार्यकर्ता हैं, जो राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करती है। भारत को विश्व गुरु बनाने में देशहित और समाज हित में सदैव कार्य करते रहें। भविष्य में युवा मोर्चा की टीम का विस्तार होगा। संतोष पांडेय ने कहा कि जिसको लीडर बनना है, उसे अनुशासित रहना होगा। संगठन की बारीकियां, संगठन की सूझबूझ होनी चाहिए।

### संभाग की 20 में से 10 विधानसभा सीटों पर भाजपा के विधायक

भूपेंद्र सवन्नी ने कहा कि दुर्ग संभाग में 20 विधानसभा सीट आती हैं। 10 विधानसभा सीट वर्तमान में भाजपा के पास है। सभी कहते थे की सरकार नहीं बनेगी, मैं कहता था सरकार का निर्माण दुर्ग संभाग से होगा। आप सभी ने पूर्व की सरकार के चार-चार मंत्रियों को पटखनी दी, फिर उसके बाद लोकसभा चुनाव हुए तीन में से तीन हमने जीते। उसके बाद नगरी निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी ऐतिहासिक परिणाम सबके सामने हैं। सोशल मीडिया के प्लेटफार्म के साथ-साथ नमो एप और सरल अप में भी उसे अवश्य अपलोड करें। योगराज टिकरिया ने कहा कि युवा मोर्चा का एक-एक कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा में शामिल होगा। सभी कार्यकर्ता अनुशासित रहते हुए भाजपा की शान को बरकरार रखेंगे।

# जामुल अध्यक्ष के चयन को लेकर बवाल, विरोध के बाद 3 नाम भेजे

## दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर पहुंचे थे एकराय बनाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामुल के नए अध्यक्ष चयन को लेकर बुलाई गई बैठक बेनतीजा रही। बैठक में जमकर बवाल मचा। हंगामे के कारण बैठक को बीच में ही रोक दिया गया। बैठक में भारी विवाद की स्थिति बनी। घोटालों के आरोपों के बीच इसे आगामी दिनों के लिए रद्द कर दिया गया। बैठक में एकराय बनाने के लिए ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर भी पहुंचे थे।

उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, पुराने पदाधिकारियों से चर्चा भी की, लेकिन सहमति नहीं बनने के बाद पार्टी हाईकमान से मार्गदर्शन लेने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पूरी चुनावी प्रक्रिया को पक्षपातपूर्ण और पैसे के दम पर चलाया गया षड्यंत्र करार दिया। कार्यकर्ताओं ने खुलकर विरोध किया। बैठक की शुरुआत तो औपचारिक स्वागत से हुई, लेकिन जैसे ही अध्यक्ष चयन की प्रक्रिया शुरू हुई, माहौल गरमा गया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, छाया विधायक निर्मल कोसरे और प्रभारी नीता लोधी ने मिलकर पहले से तय बिहारी और व्यापारी वर्ग से जुड़े लोगों को थोपने की कोशिश की। मेहनत करने वाले जमीनी कार्यकर्ताओं को दरकिनार किया गया। इसके बाद आधे से ज्यादा कार्यकर्ता बैठक का बहिष्कार कर बाहर निकल गए।

### कार्यकर्ताओं ने खुले मंच पर जताई नाराजगी

युवराज वैष्णव के समर्थन में जुटे नपा उपाध्यक्ष, पूर्व पालिका अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, 7 पार्षद, दोनों मंडल अध्यक्ष, 6 सेक्टर अध्यक्ष और युवाओं की पूरी टीम ने खुलेआम कहा कि कांग्रेस संगठन को बेचने और गिरवी रखने की साजिश की जा रही है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान कार्यकर्ताओं ने कमलेश साहू और संजय देशलहरे पर भी गंभीर आरोप लगाए गए। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। बैठक को धांधली और घोटाले की बैठक बताते हुए हंगामा किया। स्थिति इतनी बिगड़ी कि झड़प और धक्का-मुक्की तक की नौबत आ गई थी।

### पैनल तैयार कर पार्टी हाईकमान को भेजा गया नाम

जानकारी के मुताबिक बै इस निर्णय पर कार्यकर्ताओं ने साफ कहा कि यह कांग्रेस संगठन के साथ विश्वासघात है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि जामुल नगर पालिका चुनाव से पहले कांग्रेस को जानबूझकर कमजोर करने और संगठन को खोखला करने की योजना बनाई जा रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इधर जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर का कहना है कि इस प्रकार की कोई घटना नहीं हुई है। सभी हमारे साथी है। थोड़ी बहुत नाराजगी जरूरी थी, लेकिन वनटूवन बुलाकर लोगों से चर्चा की गई। इसके बाद तीन लोगों का पैनल बनाकर हाईकमान को भेज दिया गया है। निर्णय पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और नेताओं को लेना है।

## खबर संक्षेप

### सामान्य सभा बैठक के लिए ज्ञापन सौंपा

**उतई।** नगर पंचायत उतई के नेता प्रतिपक्ष एवं वार्ड क्रमांक 09 के पार्षद द्वारिका प्रसाद साहू ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने नगर पंचायत परिषद की सामान्य सभा बैठक बुलाने की मांग करते हुए कहा कि बैठक में नगर की विभिन्न समस्याओं संबंधित चर्चा की जाएगी।

## निधन

### ललित यादव

**भिलाई।** उरला दुर्ग निवासी ललित यादव पुत्र स्व. पुरूषोत्तम यादव का निधन 9 सितंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी तट पर किया गया। वे निर्णय यादव के पिता थे।



### व्हीकेएन लाल

**भिलाई।** 153/23 विवेकानंद नगर, स्ट्रीट न. 3, बोरसी रोड दुर्ग निवासी व्हीकेएन लाल का निधन 12 सितंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 सितम्बर को नेहरू नगर, भिलाई के कब्रिस्तान में किया जाएगा। वे मुकेश पन्नालाल एवं रेव्ह. प्रदीप ज्योतिष के ससुर और दीपिका, मानीषिका के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



**।। न्यायालय तहसीलदार, दुर्ग, जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)।।**

**-: फर्द प्रकाषन :-**

**रा.प्र.क्र.:- 202411100700171/अ-27/ वर्ष 2024-2025 ग्राम- पोटियाकला, प.ह.नं.-38, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)**

- आवेदकगण (01) रविन्द्र अग्रवाल पिता स्व. रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल निवासी- एच.आई.जी. 4 नेहरु नगर शिव मंदिर पास, कोरबा, (छ.ग.) (02) अरविंद कुमार अग्रवाल पिता स्व. रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल, निवासी- शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) (03) डॉ. सुभाष चंद्र अग्रवाल पिता स्व. रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल, निवासी-टैगोर नगर, रायपुर (छ.ग.) द्वारा आम मुख्त्यार राजेन्द्र कुमार नायडू पिता स्व. पी. वासुदेव नायडू, निवास- छ.ग. कॉलेज चौक, बैरन बजार रायपुर (छ.ग.) मोबाईल नं. 8964000088 विरुद्ध (01) डॉ. गोपालकृष्ण अग्रवाल पिता स्व. कृष्ण अग्रवाल, पता-3 चालीसा माउंट क्लोज लंदन, (02) सुरेश अग्रवाल पिता डॉ. चंद्रशेखर अग्रवाल, पता- एम ब्लाक फ्लेट नं. 402 कोतीवकला चौक, रिषभ प्राईम सिटी दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदकगण एवं अनावेदकगण क्रमांक 01 व 02 के स्वामित्व व आधिपत्य की संयुक्त खाते की भूमि ग्राम-पोटियाकला, प.ह.न. 38 रा.नि.म. कसारीडीह, तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 142/13, 144/1 एवं 146/3 कुल रकबा 0.696 हेक्टेयर भूमि है। अनावेदकगण क्रमांक 01 व 02 रिश्ते में आवेदकगणों के सगे चाचा हैं। उक्त भूमि 0.696 हे. में आवेदकगणों का 0.232 हे. भूमि को अनावेदकगण क्रमांक 01 व 02 की भूमि से अपना खाता का विभाजन करना चाहता है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि के खाता विभाजन किये जाने आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में हल्का पटवारी से प्रतिवेदन प्राप्त किया गया फर्द प्रतिवेदन दिनांक 04/09/2025 निम्नानुसार है:-

**फर्द बंटवारा रिपोर्ट- प्रथम पक्षकार- पक्षकार का नाम-** रविन्द्र अग्रवाल पिता स्व. रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल, ख.नं.- 142/13, रकबा- 0.082 हे.। डॉ. सुभाष चंद्र अग्रवाल पिता स्व. रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल, ख.नं.- 144/1, रकबा- 0.065 हे.। अरविंद कुमार अग्रवाल पिता स्व. रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल, ख.नं. 146/3 का टुकड़ा। रकबा-0.085 हे.। लगान- 0.57

**द्वितीय पक्षकार-** पक्षकार का नाम- डॉ. गोपाल कृष्ण अग्रवाल पिता स्व. श्री कृष्ण अग्रवाल, ख.नं.-146/3 का टुकड़ा, रकबा-0.232 हे., लगान-0.57

**तृतीय पक्षकार – पक्षकार का नाम-** सुरेश अग्रवाल पिता डॉ. चंद्रशेखर अग्रवाल, ख.नं.- 146/3 का टु., रकबा-0.232 हे., लगान-0.57

अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर/दावा पेश करना हो तो पेशी दिनांक 17/9/25 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति- आक्षेप पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 11/9/25 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह सूचना जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

# बघेरा रेलवे क्रॉसिंग के पास लीकेज दुर्ग निगम ने शुरू किया मेंटेनेंस

### जल विभाग प्रभारी लीना देवांगन ने मौके पर पहुंचकर दिए सुधार के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर में पेयजल सप्लाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए लीकेज का मेंटेनेंस शुरू कर दिया है। इसे लेकर अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को बघेरा रेलवे क्रॉसिंग के पास सामने आए 400 एमएम पाइपलाइन के लीकेज का संधारण शुरू किया गया।

बता दें कि यह पाइप बघेरा पानी टंकी से जुड़ा हुआ है, जिससे शहर के 7 प्रमुख वार्डों में पेयजल की सप्लाई होती है। लीकेज की वजह से कई वार्डों तक पानी नहीं पा रहा था। इसके देखते हुए यह मेंटेनेंस शुरू कराया गया। नगर निगम के जलगृह विभाग द्वारा रिपेयर कार्य कराया जा रहा है। इसके अलावा बघेरा टंकी से जुड़ी पाइप लाइन में कुछ और जगहों पर भी लीकेज को सुधारा जा रहा है। इसके मरम्मत के लिए चरणबद्ध रूप से कार्य किया जा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पूरे शहर में 20 से ज्यादा जगहों पर सामने आए बड़े लीकेज का मेंटेनेंस किया जा रहा है। बघेरा टंकी का मुख्य वाल्व भी लीकेज है, जिसका भी संधारण कार्य किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक बघेरा टंकी शहर की सबसे बड़ी पानी टंकी है, जिसमें लगभग 7 से अधिक वार्डो में पानी सप्लाई होती है। पिछले कुछ दिनों से गया नगर, राजीव नगर, मठपारा रामनगर क्षेत्र में प्रेशर से पानी नहीं पहुंच रहा था। इसके बाद मेंटेनेंस का निर्णय लिया गया। जल विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने स्थल का निरीक्षण किया। रिपेयर कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने चल रहे कार्यों का अवलोकन किया। अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर वार्ड पार्षद ललित ढीमर, उप अभियंता विनोद मांझी अन्य मौजूद थे।



### शहर के अन्य हिस्सों में भी लीकेज, कराया जा रहा मेंटेनेंस

जानकारी के मुताबिक बोरसी, पोटिया सहित बघेरा की सप्लाई लाइन की टंकियों में अनेक जगह लीकेज की शिकायत आई थी, जिसके कारण सुचारू रूप से पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। इसको ध्यान में रखते हुए महापौर अल्का बाघमार के निर्देश पर मरम्मत अभियान चलाया जा रहा है। इसमें वार्ड 51 प्रदिप्ती नगर, बोरसी वार्ड 52, बोरसी बस्ती, वार्ड 53 न्यू आदर्श नगर, पोटिया सहित अनेक क्षेत्र में विगत दिनों लीकेज को सुधारा गया। अब बघेरा टंकी के फूटे सप्लाई लाइन को भी दुरुस्त किया जा रहा है।

### रामकथा मासिक संगोष्ठी आज

**अंडा।** नवनीत श्री राम भक्त मानस मंडली, श्री सांई मानस परिवार व सत्यम महिला मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से ग्राम गांधी नगर ग्राम अण्डा गुरुवार बाजार चौक में एक दिवसीय श्री रामकथा मासिक संगोष्ठी (मानस सुधा परिवार) का आयोजन दिनांक 13 सितंबर दिन शनिवार को सुबह 9 बजे से रखा गया है। मुख्यअतिथि प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू होंगें। अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा, क्षेत्रीय जनपद सदस्य अजीत चन्द्रकार, विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत अंडा दिग्विजय सिन्हा, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, पूर्व जिला पंचायत सभापति योगिता चंद्रकार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सुदामा चन्द्रकार, पंडित महेंद्र पांडे सहित, पंडित अजेंद्र पांडे सहित वरिष्ठ गण उपस्थित रहेंगे। वहीं समापन अवसर पर मुख्यअतिथि विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकार होंगे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन करेंगे।

# भारत निर्माण में विद्यार्थियों का योगदान अहम : वर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

शासकीय चंदूलाल चंद्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पाटन में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 'रजत जयंती' के अवसर पर विकसित छत्तीसगढ़ 2047 विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रुप में भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ एवं विकसित भारत के निर्माण में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवावस्था जीवन का वह चरण है, जहाँ ऊर्जा, उत्साह, नवाचार और कर्मशीलता अपने शिखर पर होती है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू ने कहा कि मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि योजना के मध्यम से सरकार लोन प्रदान कर रही है जो स्वरोजगार प्रदान करने में मदद कर रहा है। नगर पंचायत पाटन एवं जनभागीदारी अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने कहा कि महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं केवल भविष्य के कर्णधार ही नहीं, बल्कि वर्तमान में भी समाज और राष्ट्र के विकास की धुरी हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नंदा गुरुवारा ने सभी अतिथियों का अभिनंदन कर स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर और पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष प्रवीण मढ़रिया ने भी संबोधित किया।

■ पाटन कॉलेज में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस मनाया

# कृष्णनगर स्कूल में 7 लाख से बनेगा अतिरिक्त कक्ष




**भिलाई।** शासकीय विद्यालय कृष्णा नगर में समग्र शिक्षा अंतर्गत 7 लाख रुपए की लागत से अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया जाएगा। शुक्रवार को इसकी भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, मदन सेन, पार्षद राजेंद्र बंजारे, शैलेंद्र सिंह, महावीर वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। भूमिपूजन कार्यक्रम में प्राचार्य शिखा तिवारी, प्रधान पाठक शुभ्रा भट्टाचार्य ने शाला की गतिविधियों से अवगत कराया। निर्माण एजेंसी को कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के लिए कहा गया।

## सेजस निकुम की माही का राज्य स्तरीय शतरंज स्पर्धा के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंस स्कूल निकुम की कक्षा आठवीं की स्टूडेंट माही चौधरी अपनी प्रतिभा से विद्यालय व अंचल का मान बढ़ाया है। 25 वीं राज्य स्तरीय स्तरीय प्रतियोगिता मुंगेली में 16 सितंबर से 19 सितंबर तक के अंडर 14 में दुर्ग जिले से भाग लेगी। विद्यायल के पी टी आई महेश्वर साहू के मार्गदर्शन में माही चौधरी ने यह सफलता हासिल की है। जिसमे विद्यालय के प्राचार्य श्री मति एस. देवराजन, प्रबंधन समिति अध्यक्ष निकुम भूपेंद्र सोनी, सेजस एक्सीलेंट पालक समिति निकुम अध्यक्ष दिलीप साहू , टीचर्स खुशबू मिश्रा , डॉ दिव्या पवार, दीपक खत्री, साक्षी साहनी, नेहा पिल्ले, ऋषि देशमुख और हर्षा सिन्हा सहित सभी ने इस उपलब्धि पर शुभ कामनाये ने दी।



# गुरु महोत्सव ज्ञान का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा




■ नई पहल में सम्मानित किए गए शिक्षकगण

दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र ग्राम पंचायत कोड़िया के स्कूल में 'नई पहल' की शुरुआत की गई। जिस में संकुल स्तरीय भव्य शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित कर लगभग 52 शिक्षकों का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रवण सिन्हा बीआरसी ने कार्यक्रम की सराहना की। विशेष अतिथि कोड़िया स्कूल के प्राचार्य नीलमणि उजवने , प्राचार्य एच एल जांगड़े, कोड़िया संकुल समन्वयक छगन लाल गेंद्रे, संकुल समन्वयक पाऊवारा रंजना देशमुख, एच एम मिडिल स्कूल कोड़िया सुधा राय व भानपुरी मिडिल स्कूल एच एम रंजना यदु, प्राइमरी स्कूल एच एम महेश कुमार साहू, कोकड़ी मिडिल स्कूल एच एम महावीर चंद्राकर , प्राइमरी स्कूल एच एम संदीप यादव के साथ कोडिया संकुल से कोड़िया कोकड़ी और भानपुरी के के सभी शिक्षक गण शामिल हुए । कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल गोली चम्मच, पेन क्रीड़ा जैसे खेल में शिक्षक गण प्रतिभागी बने। कार्यक्रम में अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी ने की। साथ ही कोड़िया सरपंच खुमान निषाद और कोकड़ी सरपंच युगल चंद्राकर जी एसएमडीसी अध्यक्ष आनंद चंद्राकर ,उपसरपंच कुलेश्वर निर्मलकर, पंच ज्ञानेश्वर साहू ,समाजसेवी आदित्य भारद्वाज , पिंटू यादव और 11 वीं और 12वी के के बच्चो के सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ।

# साय सरकार के गलत फैसले ने आम जनता पर डाला महंगाई का बोझ : हरमुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



श्रम कल्याण मंडल उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में बिजली उपभोक्ताओं को हाल ही में बिजली बिलों में हुई भारी बढ़ोतरी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आम जनता में रोष और चिंता का माहौल है। साथ ही अघोषित बिजली कटोती से आमजन-किसान भी बहुत परेशान है। उन्होंने कहा कि राज्य की पूर्व कांग्रेस सरकार के द्वारा घोषित 400 यूनिट तक 'हाफ बिजली बिल योजना को घटाकर 100 करने से उपभोक्ताओं को पिछली बार की तुलना में दोगुने से भी अधिक बिल मिल रहे हैं। इस अचानक बढ़ोतरी ने न केवल गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के बजट को बिगाड़ दिया है, बल्कि प्रदेश के भाजपा सरकार की योजनाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के गलत फैसले ने आम जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ा दिया है। भाजपा के डबल इंजन ने छत्तीसगढ़ के बिजली उपभोक्ताओं की बिजली बिल दोगुने से भी अधिक बढ़ाकर महतारी वंदन योजना के तहत दी जाने वाली राशि की वसूली शुरू कर दी है। हरमुख का कहना है कि कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई 'हाफ बिजली बिल योजना' का उद्देश्य उपभोक्ताओं को राहत देना था।

## रेलवे द्वारा गुरुवार को तोड़ी गई थी दुकानें और मकान, आरोप दस मकानों को बिना नोटिस गिराया

# विस्थापन की मांग को लेकर स्टेशन चौक के व्यापारी व रहवासी पहुंचे पालिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

कुम्हारी स्टेशन चौक में रेलवे द्वारा अवैध मकान और दुकानों पर चलाए गए बुलडोजर के विरोध में प्रभावित लोगों ने दूसरे दिन शुक्रवार को नगरपालिका पहुंचकर विरोध जताते हुए घेराव कर दिया।

नारेबाजी कर रहे प्रभावितों की शिकायत थी कि जिन 32 कब्जधरियों को रेलवे ने बेदखली का नोटिस जारी किया था उसके अलावा भी अन्य 10 मकानों को बिना किसी सूचना और जानकारी के तोड़ दिया गया, जिससे ये 10 परिवार पूरी तरह बेघर हो गए हैं। बारिश के इस मौसम इन परिवारों के पास सिर छुपाने की कोई जगह भी नही है, आखिर ये परिवार कहाँ जाएंगे ? पीड़ति परिवार के लोगों ने सांसद विजय बघेल और विधायक भूपेश बघेल से भी मुलाकात कर अलनी पीड़ा व्यक्त की।

इन परिवारों ने पालिकाध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा एवं मुख्यंगरपालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर के समक्ष अपनी पीड़ा व्यक्त कर शीघ्र ही इन परिवारों के विस्थापन की गुहार लगाई है। फिलहाल इनमें से कुछ परिवारों को सामुदायिक भवन में रहने की इजाजत दी गई है साथ ही पालिका प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि विचार विमर्श पश्चात शीघ्र ही इसका कोई हल निकाल लिया जाएगा।




### पीड़ितों के साथ हमारी संवेदना : मीना वर्मा

“ जानकारी मिली कि रेलवे प्रशासन द्वारा सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए दुकानों को तोड़ा गया है लेकिन इसके साथ ही बिना किसी सूचना के लोगों के मकानों को तोड़ दिया गया है। हमारी संवेदना उन पीड़ति परिवारों के साथ है। शीघ्र ही सांसद, एस डी एम एवं तहसीलदार के साथ चर्चा कर कोई ठोस कदम उठाया जाएगा।

**मीना वर्मा,** अध्यक्ष नगरपालिका परिषद कुम्हारी

### शहर के नजदीक चिन्हित की जा रही शासकीय भूमि : चंद्राकर

“ बेघर परिवारों के व्यवस्थापन हेतु पालिका द्वारा कोई खाली एवं शहर के नजदीक शासकीय भूमि को चिन्हित किया जा रहा है। साथ ही सब्जी विक्रेता सब्जी बाजार में जो शेड रिक्त है वहां सब्जी विक्रय कर सकते हैं।

**नेतराम चन्द्राकर,**
मुख्य नगरपालिका अधिकारी कुम्हारी

हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 13 सितंबर 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129




नशे का बड़ा अड्डा भिलाई-दुर्ग, फिर पकड़ाया 22 किलो गांजा

लाइव इवेंट

## पोस्टर प्रतियोगिता में उकेरी छग के 25 वर्षों की गौरवशाली यात्रा



**भिलाई।** राज्य की रजत जयंती समारोह के अवसर पर श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी में शुक्रवार को रजत जयंती तक का सफर विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में 37 छात्र-छात्राओं ने भाग लेते हुए छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को विभिन्न दृष्टिकोणों से प्रस्तुत किया, जिसमें राज्य की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक परिवर्तन, आर्थिक विकास और नारी सशक्तिकरण विषय प्रमुख रहे।

प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने कहा कि छात्रों ने छत्तीसगढ़ की रजत जयंती को बहुत ही संवेदनशील और रचनात्मक दृष्टिकोण से पोस्टरों में उकेरा। ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल उनकी कला को मंच देती हैं, बल्कि उन्हें राज्य के सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों से भी जोड़ती हैं। छात्र अपनी सृजनात्मकता के माध्यम से राज्य के गौरवशाली सफर को चित्रित कर रहे हैं। डीन डॉ जे. दुर्गा प्रसाद राव ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा, इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों को सोचने, रचने और प्रस्तुत करने की कला को निखारने का अवसर देती हैं। छत्तीसगढ़ की प्रगति को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत करना एक सराहनीय प्रयास है। इस आयोजन में निर्णायकों द्वारा छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति, रचनात्मकता एवं विषय चयन के आधार पर मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम का समन्वय महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति और आईक्यूएसी सेल के सदस्य उपस्थित रहे।





● भिलाईवासियों के बीच रामकथा सुनाने की वर्षों पुरानी इच्छा पूरी हुई : राजन महाराज

# भिलाई में कथा की हुई शुरुआत, हजारों भक्तों ने किया श्रवण, रामकथा से जीवन में आता है सकारात्मक बदलाव



भिलाई। आईटीआई मैदान खुर्सीपार में जीवन आनंद फाउंडेशन भिलाई के तत्वावधान में आयोजित श्रीराम कथा महिमा की शुरुआत शुक्रवार को भक्ति भाव और श्रद्धा के साथ हुई। कथा के पहले दिन हजारों की संख्या में उपस्थित रामभक्तों और भिलाईवासियों ने पूज्य राजन महाराज के मुखारविंद से श्रीराम कथा का रसपान किया। इस दौरान कथा पंडाल में राम और भक्ति की ध्वनि गूंजायमान रही और रामभक्त सुमधुर भजनों की धुन पर भाव-विभोर होकर नाचते झूमते रहे।राम कथा के पहले दिन दुर्ग सांसद विजय बघेल, भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, संजय खंडेलवाल, आचार्य पंडित संदीप तिवारी, राजेश त्रिपाठी सहित अनेक विशिष्ट और अतिविशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही।

### भिलाई में कथा करने मुझे था इंतजार : राजन महाराज

राजन महाराज ने कथा की शुरुआत में राम घाट और रामकथा वक्ताओं की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि उन्होंने छग के कई हिस्सों में कथा सुनाई है, परंतु लंबे समय से उनकी यह हृदय से इच्छा थी कि वे भिलाईवासियों के बीच आकर कथा कहें। उन्होंने कहा कि राम कथा का श्रवण जीवन में सकारात्मक बदलाव लाता है, आत्मिक शांति प्रदान करता है और सामाजिक समरसता को मजबूत करता है।





### भजनों ने किया भाव विभोर

कथा के दौरान राजन महाराज ने भक्ति रस से ओतप्रोत कई सुप्रसिद्ध भजनों का गायन भी किया। इन भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया और भक्तगण भक्ति रस में झूमते नजर आए।महाराज ने यह भी घोषणा करते हुए कहा कि शनिवार को भव्य शिव-पार्वती विवाह का दिव्य प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा, जिसका श्रद्धालु बड़ी उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं।आयोजक विनोद सिंह और उनके परिवार जनों ने राजन महाराज का स्वागत किया और कथा में पधारे सभी श्रद्धालुओं और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। 9 दिनों तक चलने वाला यह आयोजन आने वाले दिनों में भी निरंतर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ जारी रहेगा और भिलाई में धार्मिक व सांस्कृतिक माहौल का वातावरण निर्मित होगा।





सिटी इवेंट

## सास-बहू सम्मेलन में स्वास्थ्य, सुरक्षा और गर्भवती को संतुलित आहार की दी जानकारी




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मनाए जा रहे रजत जयंती महोत्सव 2025 के प्रथम चरण में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान, राष्ट्रीय पोषण माह और जीवनदान सेवा संस्था की संयुक्त स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत ग्राम उमरपोटी सेक्टर उतई परियोजना दुर्ग ग्रामीण में स्वास्थ्य के प्रति लोगो को जागरुक किया गया। इस अवसर पर गर्भावस्था के दौरान खून की कमी एनीमिया से बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही गर्भवती माताओं और सास–बहू सम्मेलन का आयोजन कर महिलाओं को संतुलित आहार, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में पोषण मेला भी आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, परियोजना अधिकारी उषा झा, पर्यवेक्षक शशि रैदास, सोनल सोनी, सरपंच विजेंद्र साहू, तरुण केसरवानी, मंजूलता सोनवानी, पूर्णिमा कुर्रे, लखन कुमार चतुर्वेदी, कांतिबाई कोसरे, प्रतिभा कोसरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं जीवनदान सेवा संस्था की ओर से जिला महासचिव योगेश्वर मानिकपुरी, स्वास्थ्य सलाहकार अधिकारी टीकम साहू और डॉ. लक्ष्मी बघेल ने सहभागिता कर जन-जागरूकता का संदेश दिया। स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनिता गायकवाड, योगेश्वरी चंपा चेलक, माहेश्वरी सोनवानी, साहिका नीलम साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, युवतियां और माताएं शामिल हुईं और स्वस्थ व पोषित परिवार, सशक्त समाज का संकल्प लिया।

■ रजत जयंती महोत्सव 2025 में जीवनदान सेवा संस्था का विशेष योगदान



# सेक्टर-9 चौक पर लहराया 50 फीट ऊंचा भगवा ध्वज, सनातनियों की एकजुटता का बना प्रतीक

**भिलाई।** रामभक्ति, सनातन संस्कृति और राष्ट्रधर्म के प्रति सामूहिक आस्था का सार्वजनिक संकल्प लेते हुए शुक्रवार को सेक्टर-9 चौक में 50 फीट ऊंचे विशाल भगवा ध्वजारोहण कर हनुमान चालिसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर भाजयुमो छग कार्यसमिति सदस्य और श्रीराम जन्मोत्सव समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय सहित शहर के विभिन्न धार्मिक संगठनों, रामभक्तों और सनातनियों ने भाग लिया। मनीष पाण्डेय ने कहा कि यह ध्वजारोहण केवल हमारी एकजुटता का प्रतीक नहीं, राष्ट्रधर्म के प्रति हमारी सामूहिक आस्था का संकल्प है। से 9 हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की गई। सेक्टर-8 स्नेह संपदा स्कूल और नयनदीप विद्या मंदिर सिविक सेंटर में नेत्रहीन बच्चों से मिलकर समय बिताया और उनके साथ अंताक्षरी खेलते हुए बच्चों का मनोबल बढ़ाया।





### प्रतिभा को मंच करें प्रदान

उन्होंने कहा कि इन बच्चों को मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त है, इनमें बहुत प्रतिभा है। शहर के सभी धार्मिक और सामाजिक संगठनों से अपील करते हुए कहा कि इन प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित करें और इनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करें। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, पार्षद पीयूष मिश्रा, वीणा चंद्राकर, दिव्या भसीन, संतोष मौर्या, मेघा कौर, सुमन देवेंद्र कन्नौजे, डॉ सविता कबडवाल, जया दूबे, सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

## सेवा सप्ताह में बच्चों को दांतों की सफाई के लिए किया जागरूक



**भिलाई।** लीनेस क्लब सेवा सप्ताह के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला शांति नगर बच्चों को दांतों की सफाई को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान दंत चिकित्सक डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने नन्हें बच्चों को दांतों की देखभाल से जुड़ी कई जरूर बातें बताईं।

उन्होंने बच्चों से रोजाना सुबह उठते ही दांत साफ करने की हिदायत दी, जिससे दांत में दर्द न रहे और सड़न न हो पाए। इन बच्चों को टूथ पेस्ट भी दिये गये। बच्चों ने वादा किया कि नियमित दांतों की सफाई करेंगे और दूसरे बच्चों को भी इस बारे में बताएंगे। लीनेस क्लब की ओर से इस अवसर पर डॉ राजेद्र प्रसाद को उपहार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में मनीषा सिन्हा, शक्ति धरनी, एरिया ऑफिसर नीता गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी सुषमा उपाध्याय, लता गायकवाड, अध्यक्ष रीटा कुखरानिया, सचिव माला पोपली और कोषाध्यक्ष राजश्री जैन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

विश्व फर्स्ट एड डे : एक्सपर्ट बोले-दुर्घटना के बाद शुरुआती मिनट ही तय करते हैं जिंदगी

# हादसे या किसी भी आपदा के समय 50 फीसदी तक के मामलों में फर्स्ट एड की जानकारी से बचाई जा सकती है लोगों की जान

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** हर साल सितंबर के दूसरे शनिवार को विश्व फर्स्ट एड डे मनाया जाता है। इस बार यह विशेष दिन 13 सितंबर यानी आज पड़ रहा है। इस दिन का मकसद लोगों को जागरूक करना है कि किसी भी आपात स्थिति में सही समय पर दिया गया प्राथमिक उपचार जीवन रक्षा की पहली और सबसे अहम सीढ़ी है। विशेषज्ञ चिकित्सक बताते हैं कि सड़क दुर्घटना, सिर पर चोट, दिल का दौरा, हड्डी टूटना या जलने जैसी स्थितियों में अगर तुरंत फर्स्ट एड दिया जाए तो मरीज की जान बच सकती है। बड़े नुकसान से भी बचाव हो सकता है। शुरुआती मिनट ही तय करते हैं इंसान की जिंदगी और मौत। जिला अस्पताल के सेवानिवृत्त चिकित्सक डॉ. अनिल अग्रवाल बताते हैं कि आपात स्थिति में तुरंत फर्स्ट एड मिलने से 70 फीसदी मामलों में मरीज की जान बचाई जा सकती है या उसकी तत्काल मृत्यु को टाला जा सकता है। डब्लूएचओ की मानें तो फर्स्ट एड इलाज का सबसे प्राथमिक और महत्वपूर्ण घटक है। इसके लिए जरिए ही मरीज का आगे का उपचार और स्वस्थ होने की संभावना निर्णर करती है।




### हेल्थ से जुड़े हर व्यक्ति को गोल्डन पीरिएड की गंभीरता को समझना चाहिए

आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के न्यूरो सर्जन डॉ. कुलदीप सिंह बताते हैं कि ब्रेन इंजरी या सिर की चोट के मामलों में पहले 10 से 15 मिनट गोल्डन पीरियड कहलाते हैं। इस दौरान अगर मरीज को फर्स्ट एड देकर रक्तस्राव रोका जाए, सांस का मार्ग साफ रखा जाए और हालत को स्थिर किया जाए तो आगे की जटिलताओं को काफी हद तक टाला जा सकता है। ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. अनुराग चंद्राकर कहते हैं कि सड़क हादसों में अधिकतर मरीजों को हड्डी टूटने या फ्रैक्चर की समस्या होती है। ऐसे में फर्स्ट एड के तौर पर सही तरीके से स्प्लिंट लगाना और मरीज को बिना हिलाए-डुलाए सुरक्षित स्थान तक ले जाना बेहद जरूरी है। साथ ही अगर ज्यादा रक्तस्राव हो रहा हो तो तुरंत उसे नियंत्रित करना चाहिए। यह शुरुआती देखभाल मरीज की जान बचाने में निर्णायक भूमिका निभाती है।

### हर घर, वाहन और जरूरी जगहों पर होना चाहिए फर्स्ट एड किट

डॉक्टरों का मानना है कि घर, स्कूल, ऑफिस और वाहन में हमेशा फर्स्ट एड किट उपलब्ध होनी चाहिए। इसमें पट्टियां, एंटीसेप्टिक, कैंची, टॉर्च, दस्ताने, पेनकिलर, बुखार और आवश्यक दवाएं जरूर रखी जानी चाहिए। आपात स्थिति में 3 काम जरूर करना चाहिए। इसके लिए विशेषज्ञों से सलाह भी ले सकते हैं। पहला घबराएं नहीं, मरीज को शांत रखें। दूसरा खून बह रहा हो तो तुरंत रोकें और साफ पट्टी बांधें। तीसरा सिर, रीढ़ या हड्डी की चोट में मरीज को हिलाने-डुलाने से बचें और तुरंत अस्पताल पहुंचाएं। कोशिश करें कि आसपास की मेडिकल सुविधा उपलब्ध हो सके। अनावश्यक मरीज को ज्यादा दूर तक ले जाने का प्रयास न करें। यह खतरनाक हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर आम लोग प्राथमिक उपचार की बुनियादी जानकारी सीख लें, तो हजारों जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।

### बढ़ रहे हार्टअटैक के मामले, सीपीआर को जानना जरूरी

डॉ. अनिल अग्रवाल बताते हैं कि फर्स्ट एड बॉक्स का होना आवश्यक है। वर्तमान समय में दिल के दौरे के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में किसी व्यक्ति को हार्ट अटैक आने पर उसे सीपीआर कैसे दिया जाता है, इसकी जानकारी भी आवश्यक हो गई है। स्कार्फ या रुमाल से शरीर के अलग-अलग अंगों में विभिन्न प्रकार की पट्टी बांधकर घायल व्यक्ति को राहत देने के बारे में ट्रेनिंग दी जानी चाहिए। सीपीआर में अपने शरीर के वज़न को पीछे रखते हुए अपने हाथों को उनकी छाती के बीच में एक सेकंड के लिए जोर से नीचे दबाएं। अपने हाथ की एड़ी या कलाई के ठीक पहले वाले हिस्से का इस्तेमाल करें। अपनी कोहनियां सीधी रखें। व्यक्ति की छाती पर प्रति मिनट 100 से 120 बार दबाव डालें। इससे मरीज को राहत मिलेगी।

सिटी इवेंट

## संस्कृत शिक्षकों ने दिखाया एकता और समर्पण, यज्ञ में दी आहुति



**भिलाई।** संस्कृत भारती के विराट संस्कृत विद्वत सम्मेलन का आयोजन रायपुर में किया गया। जिसमें भिलाई से संस्कृत मित्र मंडल के 30 सदस्यीय दल ने भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस यात्रा के दौरान संस्कृत शिक्षकों ने एकजुटता, आनंद और संस्कृति के प्रति गर्व का संदेश दिया। सम्मेलन में संस्कृत मित्र मंडल के महासचिव डॉ अजय आर्य ने व्याख्यान देते हुए कहा कि संस्कृति, संस्कृत और संस्कार हमारी अस्मिता की त्रिवेणी हैं। हमें घर, गली और मोहल्ले में संस्कृत बोलने की आदत डालनी चाहिए। जो अपनी संस्कृति पर गर्व नहीं कर पाता, वह मानसिक रूप से आज भी गुलाम है।

उद्घाटन सत्र में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का स्वागत संस्कृत मित्र मंडल की ओर से संजीब पंडा, प्रीति भट्ट और पंकज सोनी ने किया। डॉ रमनने कहा कि सुश्रुत फादर ऑफ सर्जरी और चरक फादर ऑफ मेडिसिन हैं। यह सिद्ध करता है कि संस्कृत केवल कर्मकांड की नहीं, बल्कि ज्ञान और विज्ञान की भाषा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अंतिम सत्र में शिक्षकों की समस्याएँ सुनीं और आश्वासन दिया कि संस्कृत के संरक्षण व संवर्धन के लिए हर संभव प्रयास होंगे। अध्यक्ष आभा चौरसिया ने कहा कि यह यात्रा संस्कृत शिक्षकों की एकता और संस्कृत के प्रति समर्पण का सशक्त प्रदर्शन है। सम्मेलन के बाद सभी सदस्य वैदिक सत्संग समिति के कार्यक्रम में पहुँचे और यज्ञ में आहुति दी। इस दौरान राकेश दुबे और राजेंद्र अग्रवाल को सम्मानित किया गया। इस सम्मेलन में प्रदेश भर से हजारों संस्कृत शिक्षकों ने भाग लिया। संस्कृत मित्र मंडल और संस्कृत भारती के सदस्यों ने संस्कृत के समर्थन में संस्कृत में अनेक नारे भी लगाए। इस यात्रा में आभा चौरसिया, प्रीति भट्ट, डॉ. अजय आर्य, संतोष कुमार चौबे, पंकज सोनी, अनुगता अवस्थी, अमित कुमार मिश्रा, आशा यादव, संदीपा अरोरा, शीला लाकुड़कर, राजेश्वरी वर्मा, गणेशिया साहु, संजीब पंडा, ईश्वरी मैडम, अनामिका मानिकपुरी, जसविन्दर कौर, अनुपमा उपाध्याय, कल्पना शर्मा, मीरा वर्मा, मनोरमा, संयोगिता त्रिपाठी, धात्री साव, इन्दु साहु, प्रभा साहु, दुर्गेशनंदिनी, पूर्णिमा और अरुणा उपस्थित थे।

■ मॉल में संस्कृत बोलते दिखे शिक्षक

इवेंट मैनेजमेंट को पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने का दिया जायेगा प्रस्ताव

# रोजगार मेला में नृत्य-संगीत का आयोजन, पंडवानी, भरथरी कर्मा नृत्यों ने बांधा समां, फरा, चीला रहे आकर्षण का केंद्र

**भिलाई।** सांस्कृतिक कार्यों में रूचि रखने वाले छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से इवेंट मैनेजमेंट को पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने का प्रस्ताव और जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, लोक गीत, लोक परंपरा के महत्व को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जायेगा। युवाओं को स्वरोजगार और शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करते हुए यह महत्वपूर्ण बाते छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि और विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव ने शुक्रवार को शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में में आयोजित रोजगार मेला और एलुमनी मीट के दौरान कहा। महाविद्यालय द्वारा छग के स्थापना के रजत जयंती कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित जॉब फेयर रोजगार मेला, एलुमनी मीट और छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। रोजगार मेले में 650 से अधिक विद्यार्थी ने भाग लिया और मेले के पहले घण्टे में चयनित 10 विद्यार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि छग शासन मंत्री गजेंद्र यादव उपस्थित थे। जहां उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों महाविद्यालय के एलुमनी तथा शहर के गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए उत्साह वर्धन किया।



### किया रोजगार मेले का अवलोकन

एलुमनी मीट कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत दुर्ग के सभापति जितेन्द्र यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में आने से पूर्व अपना लक्ष्य निर्धारित कर लेना चाहिए। लक्ष्य आधारित शिक्षा ही हमें जीवन में आगे बढ़ाती है। महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह परिहार ने भूतपूर्व विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे संस्था ऋण के रूप में महाविद्यालय के विकास के लिए कुछ न कुछ अवश्य दे, जिससे आने वाले पीढ़ी हमारा अनुसरण कर सकें। इस दौरान दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने रोजगार मेला का अवलोकन किया और मेले में 30 से अधिक प्रतिष्ठिानों की सहभागिता को सराहा। इस दौरान आयोजन समिति के संयोजक डॉ. ए.के. खान, डॉ. अभिनेष सुराना और डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी उपस्थित थे।



### विडियों में दिखाया 25 वर्षो का सफर



इस अवसर पर हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी द्वारा छत्तीसगढ़ के सफल 25 वर्ष विषय पर केनद्रित विडियो फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। एमएससी भूगर्भशास्त्र की छात्राएं छवि परमार, लोकेश्वरी और जयंती ने सरस्वती वंदना व राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। एलुमनी विद्यार्थियों में नरोत्तम साहू, दिलिमा मजूंमदार, पारूल पाण्डेय और आशीष देवांगन ने कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

**10 विद्यार्थियों को दिया नियुक्ति पत्र :** महाविद्यालय की प्लेसमेंट सेल की संयोजक डॉ. पद्मावती ने बताया कि रोजगार मेले में 30 से अधिक प्रतिष्ठिानों के स्टॉल लगाए गये थे। 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित रोजगार मेले में 650 से अधिक विद्यार्थी पंजीकृत हुए। मुख्य अतिथि ने मेले के पहले घण्टे में चयनित 10 विद्यार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि एलुमनी मीट, रोजगार मेला और छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थी अपनी दक्षता का परिचय दे रहे है, जो महाविद्यालय के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा, क्योंकि आज आयोजित यही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य है।

### नृत्यों की दी शानदार प्रस्तुति

सांस्कृतिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी नृत्य और संगीत की इंद्रधनुषी छठा बिखेरी। दुर्ग साईंस कालेज के साथ-साथ नवीन संगीत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पंडवानी, भरथरी, कर्मा आदि नृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी। संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रिचा ठाकुर के नेतृत्व में संगीत महाविद्यालय के विद्यार्थियों की बड़ी संख्या में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज्योति धारकर ने किया। महाविद्यालय परिसर में छत्तीगढ़ी व्यंजनों पर केन्द्रित आनंद मेले का भी आयोजन किया गया था। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा निर्मित छत्तीसगढ़ी व्यंजन फरहा, ठेठरी, खुर्मी, चीला, अड़हर की कढ़ी का प्राचार्य, प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने खूब आनंद लिया। इन सभी आयोजनों में महाविद्यालय के कैरियर एव प्लेसमेंट सेल, सांस्कृतिक समिति तथा भूतपूर्व छात्र परिचर्चा आयोजन समिति के सदस्यों का योगदान रहा।

सिटी लाइव

## विद्यार्थियों ने सुनाई स्वरचित कविता, मिली सराहना



**भिलाई।** एमजीएम पब्लिक स्कूल शांति नगर भिलाई में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों में भाषा और साहित्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने दर्शकों से भरे खचाखच हॉल में अपनी स्वरचित कविता सुनाई। साहित्यिक क्लब द्वारा विद्यालय में स्वर्गीय हरिवंश राय बच्चन की स्मृति में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण और अतिथियों को पौधा भेंट कर की गई। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि कविता केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति ही नहीं, बल्कि समाज का दर्पण भी है। कवि सम्मेलन में मयंक चतुर्वेदी, संध्या जैन और डॉ मोनिका रूसिया कवि, कवयित्रियों और विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कवि मयंक ने संवेदनशील और भावनात्मक कविताएं सुनाकर श्रोताओं की आँखें नम कर दीं। संध्या जैन की हास्य कविताओं ने दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया। डॉ मोनिका रूसिया की चौपाइयों ने श्रोताओं का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने भी अपनी स्वरचित कविता सुनाई। सभागार खचाखच भरा हुआ था। विद्यार्थी, शिक्षक सभी साहित्य प्रेमी बड़ी तल्लीनता से कविताएँ सुनते रहे। बीच-बीच में तालियों की गड़गड़ाहट गूँजती रही। कार्यक्रम में सहभागिता के लिए विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या एन्सी वर्गीस ने सबका आभार व्यक्त किया और स्मृति चिह्न देत हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

बैठक में हुई चर्चा

## आम जनता को मिले जीएसटी 2.0 का लाभ कंपनी व बाजारों में व्यापारी होंगे जागरूक



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों और चेम्बर प्रतिनिधि मंडल की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान भिलाई चेम्बर द्वारा मल्टीनेशनल कंपनियों से पत्राचार कर जी एस टी के नए कर संशोधन के बाद नए घटे हुए रेट पर माल विक्रय कर आम जनता को इस संशोधन का लाभ दिलाने और कंपनी द्वारा सहमति मिलने पर चर्चा की गई।

बैठक में महामंत्री अजय भसीन और भिलाई अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा सहित सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के निर्णय नेक्ट जेन जीएसटी 2.0 के लिए आभार व्यक्त किया। चेम्बर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा की यह निर्णय कर प्रणाली को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं संतुलित बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस कदम का लाभ एक एक जनता तक पहुँचे, इसके लिए भिलाई चेम्बर ने सभी मल्टीनेशनल कंपनियों को एक पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि जी एस टी के नए कर संशोधन के बाद नए घटे हुए रेट पर माल विक्रय करे, ताकि आम जनता को इस संशोधन का लाभ मिल सके। पत्राचार के बाद चार कंपनी द्वारा सहमति भी प्राप्त हो चुकी है। भिलाई चेम्बर के इस प्रयास पर कंपनी व बाजारों में व्यापारी जागरूक होंगे।जिसका लाभ आम जनता को प्राप्त होगा, इसी उद्देश्य से व्यापारियों से यह भी अनुरोध करेगा कि पुराने व नए संशोधित मूल्य का अंतर व लाभ अपने ग्राहकों को बताये। यह सुधार देश के 140 करोड़ नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ पहुँचाएगा और व्यापारियों व उद्योगपतियों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए राहतकारी साबित होगा। विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को पूरा करने में सहयोग करेगी।

छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने मल्टीनेशनल कंपनियों को लिखा पत्र

विजेताओं को किया पुरस्कृत

## दुर्ग जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में दिखा उत्साह, किया शानदार प्रदर्शन



**भिलाई।** भिलाई के नायर समाजम स्कूल सेक्टर-8 में दुर्ग जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दुर्ग रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में रिकॉर्डतोड़ भागीदारी और उत्साही माहौल देखने को मिला। जिले भर से 100 से अधिक युवा स्केटर्स ने हिस्सा लिया, जिससे यह इस साल की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिताओं में से एक बन गई। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और खेल भावना को बढ़ावा देना था। पाँच वर्ष से कम उम्र के नन्हे स्केटर्स ने भी आत्मविश्वास के साथ ट्रैक पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि विधायक रिकेश सेन ने युवा खिलाड़ियों के जुनून और दृढ़ संकल्प की सराहना की। उन्होंने कहा कि इतने सारे युवा एथलीटों को इतने जोश के साथ देखना प्रेरणादायक है। ऐसे आयोजन हमारे समाज में एक मजबूत खेल संस्कृति की नींव रखते हैं। प्रतियोगिता के बाद एक सम्मान समारोह में विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

नायर समाजम स्कूल सेक्टर-8 में खेल प्रतियोगिता

## विश्व मैत्री दिवस पर जैन मिलन का सम्मान समारोह कल



**भिलाई।** विश्व मैत्री दिवस पर त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में क्षमा याचना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। सकल जैन समाज इस आयोजन में शामिल होगा। पर्यूषण पर्व के अवसर पर शानदार प्रस्तुति देते हुए अनेक आयोजन किया गया। इसमें रंगोली, चित्रकला, धार्मिक तंबोला शामिल रहे। त्रिवेणी महिला मंडल द्वारा पाठशाला के बच्चों के साथ बहुत ही शानदार रंगारंग प्रस्तुति दी। शिक्षाप्रद कार्यक्रम दिया। गुजरे हुए बचपन की भी शानदार प्रस्तुति नाटक के माध्यम से दी। फैंसी ड्रेस एवं डांडिया, जैन अंताक्षरी के साथ एकल भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जैन ट्रस्ट के उप मंत्री एवं जैन मिलन के प्रचार प्रसार प्रभारी प्रदीप जैन बाकलीवाल ने बताया कि इन आयोजन के प्रतिभागियों को 14 सितंबर को होने वाले कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष अरविंद जैन, मुकेश जैन, संजय चतुर, जिनेंद्र जैन सहित अन्य मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम सुबह साढ़े 8 बजे शुरू होगा। इसके बाद सदस्यता नवीनीकरण, भाग्यशाली परिवार का पंजीयन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 2 से 3 बजे तक पारितोषिक वितरण, प्रतिभा सम्मान एवं उपवास कर्ताओं का सम्मान होगा।

कार्नर न्यूज

प्राकृतिक उपचार एवं आहार शिविर का आयोजन सेक्टर-6 में संपन्न

## ड्रगलेस थेरेपी दिनचर्या में करें शामिल, प्राकृतिक उपचार, एक्यूप्रेशर एक्यूपंचर और कर्ण भेदन चिकित्सा पद्धति से लोग हो रहे स्वस्थ

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई में गायत्री परिवार की ओर से प्राकृतिक उपचार और आहार शिविर का आयोजन सेक्टर-6 स्थित माहेश्वरी भवन में किया गया। जिसमें शिविरार्थियों ने पूरे छह दिन तक रह कर प्राकृतिक उपचार एवं आहार के माध्यम से निरोगी काया प्राप्त करने की दिशा में प्रयास किया। इस दौरान जीवन शैली में ड्रग रहित थेरेपी को अपनी दिनचर्या में शामिल करने प्राकृतिक उपचार, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंचर और कर्ण भेदन चिकित्सा पद्धति की जानकारी दी गई। समापन समारोह में शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी वासुदेव शर्मा ने कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के सप्त सूत्रीय कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य संवर्धन हम सभी के लिए महत्वपूर्ण हैं और यह उपचार दैवीय चिकित्सा है। उन्होंने कहा कि आज की बदली हुई जीवन शैली में ड्रग रहित थेरेपी का हमारी दिनचर्या में शामिल होना आवश्यक हो गया है।



### स्वस्थ रहने पंच तत्वों से चिकित्सा जरूरी

शिविर में आंवलखेड़ा आगरा से आए विशेषज्ञ जितेंद्र सिंह प्रज्ञेय ने शिविरार्थियों को पंच तत्वों से चिकित्सा उपचार देते हुए कहा कि पंच महाभूत से बने शरीर को स्वस्थ रखने पांच तत्वों की चिकित्सा करना अनिवार्य हो गया है। यह जीवेत शरदः शतम आप सौ वर्षों तक जिएं के वैदिक उदघोष की चिकित्सा है।

### एक्यूप्रेशर और एक्यूपंचर के बताएं अनुभव

योगाचार्य डॉक्टर अमित गुरवेंद्र ने सभी शिविरार्थियों को एक्यूप्रेशर, एक्यूपंचर और कर्ण भेदन चिकित्सा पद्धति के माध्यम से उपचार कर कहा कि ड्रगलेस थेरेपी के उपचार से हम सभी स्वस्थ रह सकते हैं। इस दौरान शिविरार्थियों ने भी अपने अनुभव बताए। आभार व्यक्त करते हुए समन्वयक राजन तुमाने ने बताया कि शिविर संपन्न कराने में छत्तीसगढ़ के समाज सेवी उमेश चितलांग्या एवं रामकृष्ण मूंदड़ा का विशिष्ट योगदान रहा। उन्होंने बताया कि दुर्ग-भिलाई के जागरुक लोगों के आवाहन पर आने वाले दिनों में गायत्री शक्तिपीठ भिलाई में फिर से यह शिविर आयोजित करेगा। इस अवसर पर महेंद्र सेक्सरिया, कैलाश अग्रवाल, दीपक तुमाने, दिलीप सेक्सरिया, प्रमोद नामदेव, पन्नालाल मालवीय, डॉक्टर बी के गर्ग और नंदू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### कैंसर पीड़ितों के लिए चैरेटी शो आज

**भिलाई।** राग ऑन द बैंड एक संगीतमयी संध्या 13 सितंबर को शाम 7 बजे से एसएनजी ऑडिटोरियम, सेक्टर - 4, में आयोजित किया गया है। यह चैरेटी शाम पुलगांव वृद्धाश्रम और एक कैंसर पीड़ित लड़के को भी सहयोग राशि देने के लिए आयोजित है। इस संगीतमयी संध्या के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव और विशेष अतिथि आईजी राम गोपाल गर्ग रहेंगे।

### विश्वकर्मा पूजा पर विजीटर्स पास जारी नहीं होंगे

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा की दृष्टि से 17 सितम्बर को होने वाले विश्वकर्मा पूजा में संयंत्र में अनाधिकृत व्यक्तियों तथा आंगतुकों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया है। संयंत्र प्रबंधन ने इस संबंध में परिपत्र जारी कर विश्वकर्मा पूजा 17 सितम्बर को किसी भी बाहरी अतिथि/पंडित/आगंतुक को संयंत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। आयोजकों को यह सलाह दी जाती है कि पंडित की व्यवस्था केवल बीएसपी के कार्मिकों में से ही की जाये। इस प्रकार बीएसपी प्रबंधन ने परिपत्र के माध्यम से यह स्पष्ट कर दिया है कि संयंत्र की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विश्वकर्मा पूजा में 17 सितम्बर, 2025 को विजीटर्स पास पूर्णतः प्रतिबंधित होगा और 17 सितम्बर, 2025 को किसी भी प्रकार के विजीटर्स पास जारी नहीं किया जायेगा। अतः लोगों से अपील है कि विश्वकर्मा पूजा में व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करें। आप सभी पर भगवान विश्वकर्मा का आर्शीवाद बना रहे।

### नवगठित शाला विकास समिति का स्वागत



**पाटन।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय में नवगठित शाला विकास समिति का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष मिलन देवांगन सहित सभी सदस्यों का प्राचार्य व विद्यालय स्टाफ ने पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, सुविधाओं के विस्तार तथा विद्यार्थियों की सर्वांगीण प्रगति हेतु ठोस कदम उठाने पर चर्चा की गई।

# शिक्षकीय सेवा सबसे बड़ा पुण्य गुरु से बड़ा नहीं कोई : गजेंद्र

### मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना अंतर्गत ज्ञानदीप एवं शिक्षा दूत हेतु कुल 15 शिक्षक-शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित

**1122 शिक्षकों के पदोन्नति आदेश किए जारी किए**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

शिक्षकीय ज्ञान प्रदान करने से बड़ा पुण्य कार्य कोई दूसरा नहीं हो सकता। यह बात स्कूल शिक्षा, विधि एवं विधायी तथा ग्रामोद्योग मंत्री गजेन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि शिक्षक का सम्मान वास्तव में जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है, क्योंकि गुरु से बड़ा कोई नहीं होता। संत कबीरदास के दोहे गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पांय में बताया गया है कि भारतीय परंपरा में गुरु को ईश्वर से पहले स्थान दिया गया है। मंत्री यादव ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में उन्हें शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि विभाग का कार्यभार ग्रहण करते ही उन्होंने सबसे पहले 1122 शिक्षकों के पदोन्नति आदेश जारी किए। इसके साथ ही प्रदेश में सरकारी स्कूल अब शनिवार को सुबह संचालित होंगे, जिसका आदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। समारोह में ज्ञानदीप व शिक्षा दूत से संभाग के 15 शिक्षकों को अलंकृत किया। समारोह का प्रतिवेदन संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग हेमंत उपाध्याय ने पेश किया। अतिथियों का स्वागत संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय व जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा , सहायक संचालक एसएन स्वामी, उपसंचालक अमित घोष, सर्वशिक्षा जिला समंवयक सुरेंद्र पांडेय, मधुलिका तिवारी, गौरा शुक्ला, केके शुक्ला आदि ने किया।





### प्राचार्य व व्याख्याता पदोन्नति जल्द

स्कूल शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि आने वाले समय में उच्च न्यायालय के आदेश प्राप्त होते ही प्राचार्य और व्याख्याता पदों पर पदोन्नति को भी तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जाएगी। मंत्री श्री यादव ने कहा कि उनका जीवन ग्रामीण परिवेश में बीता है, इसलिए वे गांव और वहां के बच्चों की जरूरतों को भलीभांति समझते हैं। उन्होंने शिक्षकों से कहा यदि आपने मुझे गुरु माना है, तो आपको मांगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक सच्चा गुरु जानता है कि शिष्य को कब क्या देना है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल में शिक्षक की भूमिका सिर्फ पढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में आदर्श प्रस्तुत करने की भी है। उन्होंने शिक्षकों को कहा कि पढ़ाई-लिखाई में कोताही और अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### अधिकारी व नेता सरकारी स्कूल से हैं निकले

मंत्री यादव ने कई उदाहरणों के माध्यम से बताया कि हमें शिक्षा के क्षेत्र में ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के कई शीर्ष अधिकारी और नेता सरकारी स्कूलों में पढ़े हैं। अगर वे आगे बढ़ सकते हैं, तो आज के शिक्षक और विद्यार्थी भी पीछे न रहे। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे पूरी ईमानदारी से पढ़ाएं और छत्तीसगढ़ के भविष्य को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएं। सांसद विजय बघेल ने कहा कि शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए गुरूजनों का सम्मान जरूरी है। उन्होंने सभी शिक्षकों का आव्हान किया कि वे विद्यार्थियों के प्राथमिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देवें। आधार मजबूत होने से विद्यार्थी का उच्च स्तरीय शिक्षा को मजबूती मिलेगी। विशेष अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे,उपाध्यक्ष पवन शर्मा, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ने भी शिक्षकों का सम्मान किया।

# वाहन चालकों को अब मुर्गा चौक पर नहीं होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



■ बीएसपी ने तीन दिनी मरम्मत अभियान से सभी गड्ढों को किया रिपेयर

सेक्टर एक मुर्गा चौक पर अब वाहनचालकों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। बारिश के दौरान चले बीएसपी के नगर सेवा विभाग द्वारा चले तीन दिनी मरम्मत कार्य से फौरी तौर पर राहत मिल जाएगी। संयुक्त यूनियन ने गड्ढों से दुर्घटना का अंदेशा जताते हुए गट्डों के रिपेयर की मांग की थी।

सेक्टर एक मुर्गा चौक के निकट सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही से गड्ठों से वाहनचालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। फ्लाईओवर बंद होने से भारी वाहन नीचे मुर्गा चौक सड़क से ही गुजर रहे हैं । इसके चलते हैवी ट्रैफिक बढ़ने से बड़े बड़े गड्ठे हो गए थे। बारिश का पानी भरने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। यूनियन के ध्यानाकर्षण बाद बीएसपी के सिविल विभाग की टीम ने तीन दिनों तक लगातार रिपेयर वर्क चलाकर सभी गड्ठों की मरम्मत कर दी है। शनिवार को मरम्मत अभियान पूरा हो जाएगा। प्रबंधन के मुताबिक लगातार बारिश से मरम्मत कार्य प्रभावित हो रहा था, हैवी ट्रैफिक व बारिश से हुए सभी गड्ठों को भर दिया गया है और 15 अक्टूबर के बाद स्थाई रिपेयर भी कर दिया जाएगा।

# आयुक्त ने प्रस्तावित रोड निर्माण व सीवरेज सिस्टम का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-5 श्रीराम चौक में प्रस्तावित रोड निर्माण, साफ-सफाई, वृक्षारोपण एवं सिवरेज सिस्टम का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एमआईसी सदस्य सीजू एन्थोनी के साथ किए।

निगम आयुक्त ने जोन 05 के श्रीराम चौंक में प्रस्तावित रोड का निरीक्षण किए। यहां पर नागरिकों की मांग से रोड निर्माण किया जाना है । स्थल पर रोड निर्माण करने प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है। स्वीकृति पश्चात रोड निर्माण का कार्य प्रारंभ करने जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता को निर्देशित किया गया है। रोड के आस-पास नियमित साफ-सफाई कराने जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे को निर्देशित किया गया है। साथ ही हरियाली एवं पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए रोड के किनारे 100 से अधिक पौधो का रोपण करने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किया गया है। सीवरेज पाइप लाइन जर्जर हो गया था, जिसके कारण जाम की स्थिति बनी हुई थी। आयुक्त के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह द्वारा नागरिको के मांग पर नया सीवरेज पाईप लाईन का निर्माण किया गया है, जिसका निरीक्षण आयुक्त ने किया।

# सेल एथलेटिक्स अकादमी के युवाओं ने बाजी मारी बिलासपुर में राज्य स्तरीय स्पर्धा में जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

■ ईडी पवन ने विजेताओं को किया सम्मानित



भिलाई इस्पात संयंत्र के सेल एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ द्वारा 05 से 07 सितंबर 2025 तक बिलासपुर स्थित बहतराई एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर, सब-जूनियर एवं अंडर-23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य पदक प्राप्त किए हैं। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर सीजीएम संदीप माथुर, जीएम जेएन ठाकुर, जीएम अमूल्य प्रियदर्शी, जीएम सौमिक डे,डीजीएम राजेन्द्र प्रसाद, सहायक प्रबंधक अभिजीत भौमिक तथा सेल एथलेटिक्स अकादमी के प्रशिक्षक अनिरूद्ध उपस्थित थे।

पवन कुमार ने इस्पात भवन अपने कार्यालय में विजेता खिलाडियों को उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

एथलेटिक्स स्पर्धा में आलोक सागर (अंडर-18) ने 1000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, यमन लाल (अंडर -16) ने 80 मीटर हर्डल में स्वर्ण पदक, देवानंद साहू (अंडर -18) ने 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक व 200 मीटर दौड़ में रजत पदक, पोषण लाल (अंडर -18) ने हेप्टाथलॉन में स्वर्ण पदक, विशेष सिदार (अंडर -18) ने 110 मीटर हर्डल में रजत पदक, हाई जंप में कांस्य पदक, अनुराग एक्का (अंडर -18) ने हेप्टाथलन में कांस्य पदक, विकास निषाद (अंडर -18) ने 110 मीटर हर्डल में कांस्य पदक, प्रांजल यादव (अंडर -18) ने 1000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक, नीरज कुमार (अंडर-16) ने पेंटाथलॉन में चौथा स्थान प्राप्त किया।

### सोसाइटियों में पहुंचा यूरिया, किसानों को वितरण शुरू



**दुर्ग ।** कांग्रेस के प्रदर्शन के बाद जिले की 26 सोसाइटियों में यूरिया पहुंचने का दौर शुरू हो गया। बता दें कि इन सोसाइटियों में यूरिया नहीं था, जिसकी वजह से किसान खासे परेशान थे। उन्हें उत्पादन प्रभावित होने का डर सता रहा था। इस बीच दो दिन पहले कांग्रेस ने अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। इसके बाद जिला प्रशासन हरकत में आया। सोसाइटियों में यूरिया की सप्लाई शुरू की गई। राकेश बरहापुर पहुंचे, जहां उन्होंने यूरिया से जुड़ी जानकारी ली। बता दें कि पूरे छत्तीसगढ़ में यूरिया खाद की कमी और 266 रुपए की यूरिया की कालाबाजारी होने पर कांग्रेसी और किसानों ने प्रदेश की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री के खिलाफ बुधवार को कलेक्टरेट में जमकर नारेबाजी की थी। गाड़ा-बैला लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे। इसके बाद प्रशासन ने लिखित में दो दिन के भीतर खाद पहुंचाने का आश्वासन दिया। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता नियमित नजर बनाए हुए हैं, किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल निर्णय लिया जाएगा।

# नुक्कड़ नाटक कर दिखाया कि कम वेतन में कैसे मुश्किल से पेट भर रहे संविदा एनएचएम कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

दुर्ग जिला के एन एच एम कर्मचारियों ने शुक्रवार को नुक्कड़ नाटक के द्वारा सरकार को जगाने का प्रयास किया। नुक्कड़ नाटक में यह दर्शाया गया कि सरकार किस तरह संविदा कर्मचारियों को आधा रोटी और आधा पेट यानि कम सैलरी दे रही है। और रेगुलर कर्मचारियों को भर पेट रोटी और ज्यादा सैलरी दे रही है।

जबकि काम दोनों बराबर कर रहे हैं। एक के साथ अच्छा और एक के साथ बुरा करना यह किस प्रकार का न्याय है। जिस प्रकार रेगुलर कर्मचारियों का परिवार है। उसी प्रकार संविदा कर्मचारियों का भी परिवार है। इतना महंगाई में संविदा एन एच एम कर्मचारियों को अपना घर चलाने में बहुत परेशानी हो रही है।

**कर्मचारियों का शुक्रवार को भी जारी रही हड़ताल**



### मांगें पूरी नहीं होने आंदोलन

छत्तीसगढ़ प्रदेश के एन एच एम के प्रांतीय टीम के आव्हान पर शुक्रवार रायपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी 33 जिलों के जिलाध्यक्षों एवं प्रांतीय पदाधिकारियों की बैठक रायपुर में हुई। जिसमें डॉ. अमित कुमार मिरी ने कहां की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नियमितीकरण,ग्रेड पे सहित 10 सूत्रीय मांगों पर सरकार द्वारा लिखित आदेश जारी होने पर ही आंदोलन खत्म होगा ।

### 850 कर्मी हड़ताल पर

दुर्ग जिला के एन एच एम के 850 कर्मचारी हड़ताल पर रोज उपस्थित हो रहे हैं। एन एच एम कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह रोड़ पर आ गयी है। रेगुलर कर्मचारीयों को एन एच एम कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से छुट्टी तक नहीं मिल रहा है। क्योंकि काम का लोड बढ़ गया है। साथ ही कर्मचारियों की कमी को पूरा करने के लिए बीएससी नर्सिंग और जीएनएम नर्सिंग के बच्चों से काम करवाया जा रहा है। पर जो काम स्वास्थ्य विभाग के एन एच एम कर्मचारी कर सकते हैं। वो नर्सिंग स्टूडेंट्स नहीं कर सकते। साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश के सीएमएचओ आफिस में तथा सरकारी अस्पतालों में 65 प्रतिशत एन एच एम कर्मचारी कार्यरत हैं। उनके भरोसे ही काम होता है। जब तक एन एच एम कर्मचारियों की मांगे पूरी नहीं हो जाती वो हड़ताल खत्म नहीं करेंगे। साथ ही एन एच एम कर्मचारी अपने छोटे बच्चों को लेकर और भारी बारिश में भी उपस्थित थे।







